मालपुरा, (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व छेड़छाड़ के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि परिवादी ने चार अप्रेल को दी रिपोर्ट में बताया कि 14 मार्च की दोपहर मुकेश व सुरेश बावरी ने उसकी पत्नी व बहिन के साथ मारपीट कर लज्जाभंग कर एवं अपहरण कर ले जाने का प्रयास किया।

Rural Non Farm Development Agency

3rd Floor, B-Block, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur) Ph: +91-0141-2226861, 2225619, Fax: +91-0141-5104844 Website : www.ruda.rajasthan.gov.in, Email: rudaraj@ rajasthan.gov.in

F02(1)RUDA/store/NGO/2025-26/1428 दिनांक :- 28/05/2025

अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण (रूडा) कार्यालय द्वारा सूचीबद्ध किये जाने की दिनांक से एक वर्ष के लिए राज्य में गैर कृषि क्षेत्र के दस्तकारों के उन्नयन हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला एवं एक्सपोजर विजिट इत्यादि के आयोजनों में रुचि रखने वाले प्रतिष्ठित पंजीकृत गैर सरकारी संगठन/ट्रस्ट को सूचीबद्ध करने हेतु ई-उपापन के माध्यम से अभिरुचि प्रस्ताव आंमत्रित किये जाते हैं।

UBN No. RUD2526SLOB00003, NIB No. RUD2526A0003

क्र. सं.	कार्य	ऑनलाइन निविदा प्राप्त होने की अन्तिम दिनांक एवं समय	अनुमानित कुल व्यय	प्रतिभूति राशि अधिकतम 2 प्रशित	ई-उपापन हेतु प्रक्रिया शुल्क	निविदा प्रपत्र का शुल्क
1	NGO Empanelment for Training programmes, Workshops, Exposure Visit etc.	19.06.2025 6.00 PM तक	24.00 लाख	48,000/-	500/-	500/-

अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण हेतु निविदा प्रपत्र State Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.gov.in एवं e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in एवं website www.ruda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

राज.संवाद/सी/25/3301 उपमहाप्रबंधक

संक्षिप्त

महोत्सव को लेकर यज्ञ में दी आहुतिया

निवाई। बडागांव में राजपूत समाज के तत्वावधान में श्री जमुवाय माताजी व दुर्गा माताजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं नव चण्डी यज्ञ का आयोजन को लेकर यज्ञ को लेकर शुक्रवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में अग्नि स्नान, नव चण्डी यज्ञ एवं दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया। सत्येंद्रसिंह राजावत ने बताया कि श्री जमुवाय माताजी व दुर्गा माताजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं नव चण्डी यज्ञ को लेकर शनिवार को नगर भ्रमण, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। दोपहर बाद हवन की पूर्णाहुति करके महाआरती करके प्रसादी वितरित की जाएगी। इस अवसर पर ठा. रणजीतसिंह राजावत, विजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, विजयराज सिंह, हिम्मत सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संपत सिंह, हनुमान गुर्जर व विनोद सांखला सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

सौंपा ज्ञापन

निवाई। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के पदाधिकारियों ने तृतीय श्रेणी शिक्षको के ट्रांसफर को लेकर संघ के प्रदेशाध्यक्ष डा रनजीत मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ओएसडी विकासकुमार से चर्चा की गई व ज्ञापन सौंपा गया। इसी प्रकार शिक्षामंत्री मदन दिलावर, गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेडम व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को मांगों को लेकर चर्चा की एवं ज्ञापन सौंपा गया जिस पर मंत्री ने कहा कि उन्होंने पहले ही तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर की सिफारिश सरकार से कर दी है। शीघ्र ही उक्त समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

पांच अभियुक्त गिरफ्तार

दूदू । स्थानीय थाने की पुलिस ने गत दो दिन पूर्व बाल्मीकि बस्ती नरेना रोड पर एक मकान से करीब चार दर्जन सूअर चुराने की दर्ज रिपोर्ट के बाद कार्रवाई कर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वारदात में काम ली गई कार को जब्त कर लिया पुलिस के अनुसार विमल वाल्मीकि दूदू ने पुलिस थाना दूंदू रिपोर्ट दर्ज करवा कर अवगत कराया कि रात्रि को मेरे घर के बाहर पिकअप में सूअर भरकर ले जाने के साथ ही पड़ोसियों ने हल्ला मचाकर पीछा किया लेकिन आरोपी पिकअप में सूअर ले जाने में सफल हो गए पुलिस से मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर आरोपी शिव उर्फ गौरव संदीप उर्फ संनया राजू उर्फ तुलसी सौरभ कुमार निखिल उर्फ भूरिया को डिटेन कर पूछताछ की गई आरोपीयों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में मामले दर्ज होना भी बताया गया है पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है

निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

श्रीमाधोपुर। स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित निःशुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी और समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने बताया कि शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ग्रसित 41 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया।

आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

शाहपुरा । शहर के 132केवी जीएसएस पर आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जेईएन ओमप्रकाश प्रजापत ने बताया कि शहर सहित रीको,पावर हाउस, साईवाड़,खोरी, पीपलोद, कांट, माधोकाबास, लोचूकाबास,रामपुरा, छापुड़ा व बाड़ीजोड़ी ग्रिड से जुड़े गांवों में सुबह 6 बजे से 10:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

उत्साह के साथ मनाई जयंती

निवाई। हिंदू हृदय सम्राट वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में गुरुवार की देर शाम को अहिंसा सर्किल पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनकी वीर गाथाओं का मनन किया। इस दौरान युवाओं ने उत्साह के साथ महाराणा प्रताप अमर रहे के जमकर जयकारे लगाएं। इस अवसर पर कुणाल शर्मा, मिलन सोनी, कार्तिक पारीक, अनीश सोनी, अनुराग शर्मा, विशाल सैनी, योगेश टेलर, मोंटी शर्मा व राहुल सैन सहित कई लोग मौजूद थे।

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने शहीद हवलदार किशन लाल गुर्जर की प्रतिमा का किया अनावरण

कोटपूतली। राज्यमंत्री, गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, राजस्थान सरकार जवाहर सिंह बेढम ने शुक्रवार को तहसील बानसूर के गांव माँची मीरापुर में भारतीय सेना के अमर शहीद हवलदार किशन लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। हवलदार किशन लाल गुर्जर श्19 राजपूत बटालियनश् में जैसलमेर में सेवायुक्त थे और 7 दिसंबर 2019 को शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में माँची मीरापुर गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों के कारण ही आज हम सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन जी पा रहे हैं। ऐसे वीर सपूतों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं के कारण आज हम अमन और चैन से रह पा रहे है। उन्होंने वीर जवानों के बलिदान को देखते हुए राजस्थान सरकार की सेवाओं में अग्निवीरों को प्राथमिकता व रिजर्वेशन देने की घोषणा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने देश के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत एक और जहां देश की रक्षा करती है वहीं युवाओं को देशभक्ति का संदेश भी देती है।

पट्टीका का अनावरण करते गृह राज्यमंत्री व अन्य।

■ राजस्थान के वीरों ने हमेशा अपनी वीरता और कौशल का परिचय दिया है - गृह राज्य मंत्री बेढम

उन्होंने कहा कि हमारा नौजवान जब सीमा पर होता है तो हर परिस्थिति में देशवासियों की रक्षा में तैनात रहता है, उन्होंने शहीदों के परिवार को भी नमन किया। उन्होंने कहा को सरकार शहीद के परिवार के साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा और चरित्र निर्माण पर विशेष बल देते हुए युवाओं का सेना में जाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, राजस्थान के वीरों ने हमेशा अपनी वीरता और कौशल का परिचय दिया है। गृह राज्य मंत्री बेढम ने शहीद की वीरांगना धोली देवी, माता-पिता और अन्य परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने भी शहीद परिवार को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों के कारण ही हम सुख-चौन की नींद सो पाते हैं, ऐसे सभी वीर सपूतों को हमारा नमन है। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारकों का सम्मान करना हमारी संस्कृति और कर्तव्य दोनों है। इस अवसर ग्रामीणजनो ने पारंपरिक लोकगीतों और देशभक्ति नारों के माध्यम से शहीद को श्रद्धांजलि दी। अनावरण समारोह में बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, सैनिक कल्याण बोर्ड के चेयरमैन प्रेम सिंह बाजोर सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामजन उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाया

खैरथल। मुंडावर तहसील के गांव ततारपुर की भागमल की ढाणी में प्रशासनक ओर से गैर मुमकिन जोहड़ व गैर मुमकिन गड्ढा की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही तहसीलदार मुंडावर के कार्यालय में विचाराधीन धारा 91 प्रकरण के निर्णय की अनुपालना में की गई । तहसीलदार लोकेश चौधरी ने बताया कि गांव ततारपुर की भाग मल की ढाणी में खसरा संख्या 890/2554 किस्मः गैर मुमकिन जोहड़ तथा खसरा संख्या 891 किस्मः गैर मुमकिन गड्ढा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण था। जिसे जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। प्रशासन की इस कार्यवाही को ग्रामीणों ने न्यायोचित एवं सकारात्मक कदम बताया और सरकारी जमीन को मुक्त कराए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। निर्णय की पालना में मौके पर तहसीलदार लोकेश चौधरी, नायब तहसीलदार मुंडावर, भू-अभिलेख निरीक्षक बेहराम (मातोर), ततारपुर हल्के के पटवारीगण (ततारपुर, पेहल, गोपीपुरा, दातला), ग्राम पंचायत ततारपुर के सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस जाप्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुस्तक 'बागी से किसानी' का विमोचन

अलवर। राजेश रवि की पुस्तक बागी से किसानी का शुक्रवार को तरुण भारत संघ के भीकमपुरा स्थित आश्रम में संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन, मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह, महाराष्ट्र के सकाल के पूर्व प्रधान संपादक श्रीराम पंवार, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल प्रोफेसर शिवसिंह सारंग देबोत ने किया। इस अवसर पर राजेश रवि को प्रकृति संवादक के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। यह पुस्तक राजस्थान के करौली व धौलपुर जिलों के डकैतों के जीवन परिवर्तन पर लिखी गई है।

पुस्तक के बारे में लेखक राजेश रवि ने बताया कि उन्होंने जब क्षेत्र में जाकर देखा कि किस तरह से लोगों का मन बदला है और अब सैरनी सहित अनेक नदियां बहने लगी है। अपूर्व

लेखक राजेश रवि को प्रकृति संवादक के सम्मान से सम्मानित करते।

कुलपति सनी ने कहा कि प्रकृति ,जल और नदियों के संरक्षण हेतु सृजनात्मक और मीडिया संवाद के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने और संरक्षण के प्रति अमूल्य सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए यह सम्मान दिया गया है।

इस अवसर पर राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार पूर्व सीएम के सलाहकार रहे गोविंद चतुर्वेदी, विनोद भारद्वाज, ख्यातनाम कवि विनीत चौहान, नालंदा प्रकाशन के नीरज कुमार, गांधी शांति प्रतिष्ठान के रमेश भाई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

रैली निकाली

नारायणपुर । राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित बाल भारती उच्च्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा देवांशी शर्मा ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इससे पूर्व विद्यालय ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर शुक्रवार को विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में मिठाई खिलाकर, माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत विद्यार्थियों को खुले वाहन में बैठाकर डीजे के साथ कस्बे के मुख्य बाजार में एक भव्य रैली निकाली गई। रैली के दौरान दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह माला पहनाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया और बधाइयाँ दीं। इस वर्ष विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के कुल 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो संस्था के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर प्रयास का परिणाम है।

शिव मन्दिर परिसर में नवनिर्मित धर्मशाला का लोकार्पण कार्यक्रम कल

फुलेरा । क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना में स्थित प्राचीन प्रजापति शिव मन्दिर परिसर में समाज द्वारा नवनिर्मित धर्मशाला का लोकार्पण कार्यक्रम प्रजापति समाज शिव मन्दिर सेवा समिति के नेतृत्व में आगामी 1 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसके चलते समिति के द्वारा उक्त कार्यक्रम के निमंत्रण पत्रों में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का नाम में प्रकाशित करवाया गया है। इसको लेकर प्रजापति समाज के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार इस नाराजगी का मुख्य कारण यह है कि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि जमाबंदी में कुम्हार, प्रजापति शब्द हटाकर कुमावत शब्द ही रखा जाये। इसको लेकर प्रजापति समाज ने विरोध प्रदर्शन कर विधायक के पुतले जलाए। इसके अलावा प्रजापति समाज ने श्रीयादे शक्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में जनसैलाब का महाकुंभ भी आयोजित किया था। जिसमें प्रजापति समाज के लाखों लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई थी।

■ विशिष्ट अतिथि के रूप में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का नाम को लेकर प्रजापति समाज के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है

प्रजापति समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

समाज के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रजापति समाज की धर्मशाला के लोकार्पण कार्यक्रम में कुमावत जाति की एंट्री क्यों यह समाज में बहुत बड़ा मुद्दा बना हुआ है। हालांकि प्रजापति समाज को कुमावत समाज से कोई गिला शिकवा नहीं है। परन्तु समाज के लोगों का विरोध सिर्फ व्यक्ति विशेष से ही है। जिसने वर्ष 2022 में विधायक पद पर रहते हुए विधानसभा सभा में प्रजापति समाज का वजूद ही खत्म करने लिए प्रस्ताव रख दिया था। इसके विरोध के लिए प्रजापति समाज के लोगों ने मिटिंगे आयोजित की।

इसी क्रम में आगामी 1 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रजापति समाज के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रजापति समाज के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने कहा कि समिति के कुछ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने निजी हित लाभ की लालसा के चलते समिति के सदस्यों से बिना राय शुमारी किए बिना ही उक्त कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का नाम निमंत्रण पत्रों में प्रकाशित करवाया गया है, जो कि प्रजापति समाज के कई सदस्यों व पदाधिकारियों को नागवार गुजरा है।

दस्तावेजो के दूरूपयोग का फर्जीवाडा उजागर, ई-मित्र संचालक पुलिस हिरासत में

मालपुरा । मालपुरा शहर के ट्रक स्टेण्ड दौराई मौहल्ले के पास आवासीय मकान मे चल रहै ई-मित्र सेन्टर पर राष्ट्रीय दस्तावेजो दूरूपयोग व दस्तावेजो मे हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के चल रहै बडे खेल की मिली शिकायत पर उपखण्ड अधिकारी व कार्यवाहक पालिका ईओ ने शुक्रवार को ई-मित्र दुकान का औचक निरीक्षण किया। जिसमे मौके पर बडी तादात मे राष्ट्रीय दस्तावेजो के हो रहै दूरूपयोग व फर्जी आंकडो से तैयार बडी तादात मे आधार एवं राशन कार्ड जैसे दस्तावेज व अधिकारियो की दो दर्जन सील मिलने पर दो ट्रेक्टर-ट्रोली मे सामान जप्त कर ई-मित्र संचालक फरीद अहमद को लिया पुलिस हिरासत मे। एसडीएम अमित चौधरी ने बताया कि ई-मित्र संचालक के यहां मिली भारी अनियमित्ता व धांधली के सम्बन्ध मे अनुसंधान के लिये जप्त किये गये सामान को पुलिस के सुपुर्द कर विभिन्न धाराओं मे मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस को दी रिपोर्ट मे बताया कि निरीक्षण के दौरान ई-मित्र संचालक फरीद अहमद पुत्र बाबू खां के यहां की गई जांच पडताल मे शपथ आयुक्त, उपखण्ड अधिकारी, पंचायत समिति विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, पालिका पार्षद, सीआर-डीआर,पालिका ईओ विभिन्न ठेकेदार व बडी फर्मो के प्रोपराईटर सहित 23 प्रकार की स्टाम्प मोहर पाई गई। जिनका उपयोग ई-मित्र संचालक द्वारा अवैध रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार करने मे किया जा रहा था। ई-मित्र संचालक के पास 1 लाख 28 हजार 234 रूपये की नगदी बरामद की गई। साथ ही चार मोबाईल फोन,तीन सिम कार्ड,छः लेपटॉप,पांच प्रिन्टर,दो पासपोर्ट, बडी मात्रा मे खाली स्टॉम्प, फरीद अहमद ई-मित्र संचालक के स्वंय के अलग-अलग नाम से बने 7 आधार कार्ड, 4 कम्प्यूटर टेबिल, 2 अलमारी, 3 पीवीसी कार्ड मशीन सहित विभिन्न व्यक्तियो के बनाये गये 342 आधार कार्ड, 141 राशन कार्ड, 29 श्रमिक कार्ड, 72 जनआधार कार्ड, 215 वोटर आईडी, 17 पैन कार्ड, 16 मूल निवासी, 56 जाति प्रमाण पत्र, 7 जन्म प्रमाण पत्र, 5 पेंशन पीपीओ, 8 थम्ब स्कैनर, 2 वैब कैमरा, 2 आईस्कैनर व 6 दस्तावेज पत्रावलियां पाई गई जिन्है जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त संसाधनो का उपयोग अवैध दस्तावेज बनाये जाने मे किया जा रहा था तथा बरामद हुये दस्तावेज फर्जी तरीके से तैयार किये थे।

एसडीएम ने बताया कि संचालक के यहां अन्य लोगो के बडी संख्या मे दस्तावेज पाये जाने से स्पष्ट होता है कि फरीद अहमद द्वारा राष्ट्रीय व राज्य दस्तावेजो का दूरूपयोग किया गया है। जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताता है। मौके पर संचालक के पास पासपोर्ट व पासपोर्ट बनाने के दस्तावेज भी पाये गये है। सभी जप्त दस्तावेज पुलिस को सुपुर्द कर बारीकी से अनुसंधान शुरू किया गया है।

चोरों के आतंक से परेशान लोगों ने एस.डी.एम. को सौंपा ज्ञापन

शाहपुरा । उपखंड क्षेत्र में लगातार हो रही लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम व डीएसपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। पूर्व जिला पार्षद महेंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण व्यास, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी ने आक्रोशित स्वर में कहा कि हाल में राडावास गांव में नारायण यादव के घर पर बड़ी चोरी की वारदात हुई, जिसमें चोरों ने कुंदी लगाकर दो कमरों की अलमारियाँ तोड़ीं और करीब 4 लाख 10 हजार रुपये नकद तथा कीमती जेवरात चुरा लिए। और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में भैंस चोरी, महिलाओं के गहने तोड़ने जैसी वारदातें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाया है। हर बार पुलिस के हाथ खाली ही नजर आते हैं। इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। और ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने एसडीएम व डीएसपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

जिला महासचिव जितेंद्र शर्मा, मुकेश खुडानिया,पाषर्द घनश्याम सैनी, अमरसर सरपंच रवि शंकर सैनी, रामेश्वर यादव, धर्मपाल यादव, गोपाल नारायण, जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त शाहपुरा क्षेत्रवासी मिलकर उपखण्ड कार्यालय व थाना परिसर पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में एसडीएम संजीव कुमार खेडड ने बताया कि चोरी को लेकर लोगों ने ज्ञापन किया था। जिसको लेकर अमरसर थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। कि वे शीघ्रता से करवाई कर चोरों को गिरफ्तार करें।

■ आक्रोशित लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम और डीएसपी को सौपा ज्ञापन, शीघ्र करवा नहीं तो धरने की चेतावनी

विद्यार्थीयो को किया सम्मानित

सांभरझील। पीएम श्री दरबार विद्यालय के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने पर क्षेत्र के जाने माने भामाशाह व नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी के कर कमलों द्वारा प्रधानाचार्य टीकम चन्द मालाकार व प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी में सम्मानित करवाया गया। 10वीं बोर्ड में मोहित सैनी 92.50, प्रियांशी90.33, मनस्वी89.5, दिव्यांशी 89, रानू 88.17 आकांक्षा सकरवाल 86.83, प्रज्ञा स्वामी 86.33, अब्दुल कादिर 85.83, टीना सोनी 85.50, प्रतीक की ओर से 85.33 प्रतिशत अंक हासिल करना स्कूल प्रशासन द्वारा बताया। 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में भावना गुर्जर, जयकुमार सोनी, रिद्धिका सिंह खंगारोत, पायल वीर,जतिन टेपण, भूमिका टेपण, जाह्नवी सांभरिया, प्रियांशी शर्मा, नवीन मीणा, घनश्याम कुमावत, तनीषा सेन, दर्शना व्यास, कुनालिका, रक्षित अग्रवाल, सुफियान, अयान भाटी, नेहा सोनी, आयुष गोठवाल, शंकर सैनी सहित 30 से अधिक विद्यार्थियों की ओर से 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये।

सार-समाचार

रास्ता खुलवाने का अनुरोध किया

सांभरझील । बरडोटी सरपंच मूलचंद गुर्जर ने तहसीलदार को पत्र लिखकर रास्ते पर छड़ियां और पत्थर डालकर रोके गए रास्ते को खुलवाने का अनुरोध किया है। सरपंच बताते हैं कि खसरा नं. 1631, 1635 गै.मु. रास्ता वाके ग्राम श्यामी की ढाणी (बरडोटी) जिसका 2 मई को तहसीलदार ने मय पटवारी टीम के व सरपंच, सेकेट्री, पंचायत बरडोटी एवं पुलिस जाप्ता सहित रास्ता खुलवाया था और उस पर ग्रेवल सडक बनवायी गयी थी पर 7-8 लोगो के द्वारा मोके पर उक्त ग्रेवल रोड पर पत्थर व कंटीली छडियां डालकर रोड को बन्द कर दिया जिससे आमजन को आने जाने का रास्ता पूर्ण रूप से बन्द हो गया है। उनकी ओर से तहसीलदार से आग्रह किया गया है कि शीघ्र रास्ता खुलवाया जाकर एफआईआर दर्ज कराकर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए व आईन्दा के लिये पाबन्द किया जाये क्यों कि यह लोग बार बार परेशान करते है। ऐसे लोगों के खिलाफ पहले भी कई दफा शिकायत व कार्यवाही हो चुकी है लेकिन यह लोग छोटी मोटी कार्यवाही से नही डरते और कहते है कि हम तो हमारी मनमर्जी होगी वेसा ही करेंगे सरकार के कारिन्दे कब तक आते रहेंगे। ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र चारण का कहना है कि मैं आज मीटिंग में हूं, आकर देखता हूं जिन्होंने रास्ता रोका है उनको नोटिस दिया जाएगा यह गैरकानूनी है।

अलग-अलग मामलों में 15 गिरफ्तार

निवाई। सदर पुलिस ने एरिया डोमिनेशन व वांछित अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर वांछित प्रकरणों का फरार आरोपी सावरा गुर्जर निवासी लोदेडा, श्योराज गुर्जर निवासी सैदरिया, छोटु खटिक निवासी सोहेला को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीएनएसएस मामले में आरोपी युनुस मेव निवासी नहदा थाना पुन्हाना मेवात हरियाणा, रामेश्वर कालबैलिया व दिपु कालबैलिया निवासी रामनिवासपुरा थाना चाकसू, सत्यनारायण जाट निवासी कौथुन, रामप्रसाद मीणा, निवासी कोठ्या की ढाणी मूण्डिया, राजु उर्फ रामजिलाल गुर्जर व सियाराम गुर्जर निवासी हाडावाली ढाणी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार आरएनसी एक्ट में फरार आरोपी लक्ष्मण गुर्जर निवासी जोधपुरिया, कमलेश मीणा निवासी बावनपुरा थाना कोटखावदा, सुरेशकुमार माली निवासी कनेसर, दीपक मीणा निवासी सोडा की ढाणी ब्रजपुरा रोड खोह नागौरियान जयपुर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार एमवीएक्ट में अरोपी राजू उर्फ रामजीलाल गुर्जर निवासी हाडावाली ढाणी व कैलाश मीणा निवासी बाडा की ढाणी मूण्डिया को गिरफ्तार किया है।

सड़को की स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

चौमूं / कालाडेरा । विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़कों की स्वीकृति पर सुभाष सर्किल स्थित निवास पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत आभार जताया। ग्राम पंचायत नागल गोविन्द से सरगोठ सीमा तक और सिरसा फाटक से रींगस सीमा तक सड़क स्वीकृति पर पूर्व सरपंच नाथूराम जाट के नेतृत्व में तथा ग्राम पंचायत धोबलाई में एन.एच. 52 आरा स्टैंड से स्याउ तिराहे तक और स्याऊ तिराहे से इटावा भोपजी तक सड़क स्वीकृति पर सरपंच रमेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह, विश्वास और सहयोग ही मेरी प्रेरणा है, जो मुझे निरंतर जनसेवा के लिए संकल्पबद्ध रखती हैं। इस मोके पर सरपंच रमेश शर्मा, पूर्व सरपंच नाथूराम जाट, हरफूल यादव, श्रवण सिंह, रामनारायण, चौथमल, श्याम लाल लोरा, अवतार लोरा, हरलाल लोरा, कर्ण सिंह, बनवारी लांबा, तेजपाल मीणा, शंकर लाल रेगर सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

शहीद स्मारक पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन

कोटपूतली। प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रहे। बेढ़म निकटवर्ती बानसूर विधानसभा के ग्राम मांची मीरापुर में आयोजित अमर शहीद हव. किशन लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण करने आये थे। बेढ़म का यहाँ पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत एवं अभिनंदन किया। कोटपूतली पहुँचते ही भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में भाजपा अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, पूर्व जिला मंत्री यादराम जाँगल, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बलेश गुर्जर, राजेन्द्र कसाना, अंजली यादव, कपिल शर्मा आदि ने बेढ़म का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस मौके पर रावत ने बेढ़म से क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यो के बिन्दुओं को लेकर चर्चा भी की। वहीं बेढ़म ने ग्राम कल्याणपुरा खुर्द स्थित वीर गुर्जर शहीद स्मारक पहुँचकर शहीदों को श्रद्धासुमन भी अर्पित किये। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों का गुर्जर समाज हमेशा ऋणी रहेगा। उनके बलिदान की बदौलत मिले आरक्षण से समाज प्रतिस्पर्धा के दौर में प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी प्रकार कस्बे के बानसूर रोड़ पर युवा नेता जयसिंह पायला के नेतृत्व में पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा नेता मुखिया पायला, पूर्व पार्षद हरदान पायला, फूलचन्द ऑपरेटर, रविन्द्र यादव आदि ने स्वागत किया।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेश सचिव बने दिनेश मीणा

चौरु/उनियारा। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें टोंक जिले के उनियारा तहसील के ग्राम फतेहगंज निवासी दिनेश कुमार मीणा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार निर्देश पर दिनेश कुमार मीणा को नियुक्त किया।नर्सेज हितैषी उद्देश्यों के लिए नए कार्य करने के लिए नई जिम्मेदारी सोफी गई है।वर्तमान में सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में कार्यरत दिनेश मीणा पूर्व में अपनी सेवाएं शहादत चिकित्सालय में दे चुके है।दिनेश कुमार मीणा को नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला अध्यक्ष सांवरमल गुर्जर एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सियाराम सहित पदाधिकारियो व ग्राम वासियों ने खुशी जताई एवं शुभकामनाएं दी।

गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया

पावटा। कस्बा पावटा बावडी स्थित कलगीधर गुरुद्वारा नानक दरबार में सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस मिडलैंड लंगर सेवा सोसाइटी के नेतृत्व एवं समस्त संगत पावटा, शाहपुरा, कोटपुतली द्वारा बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया गया। गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पाठ व रागी द्वारा कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। वहीं गुरुद्वारा नानक दरबार में पाठ, कीर्तन दरबार ,अरदास के बाद ठंडे पानी की छबील व गुरु के अटूट छोले भटूरे के लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा नानक दरबार में बड़ी संख्या में संगत पहुंची और माथा टेक कर सुख शांति की कामना की गई।

कलश यात्रा का शुभारंभ

चाकसू। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरसूलिया में 30 मई से 5 जून तक जय मां दुर्गा गौशाला समिति द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के उपलक्ष में आयोजित कलश यात्रा क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य अतिथि में हुआ। इस मौके पर विधायक बैरवा ने कहा कि ऐसे वैदिक अनुष्ठान धर्मसंरक्षण, लोकमंगल और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। इस दौरान कलश यात्रा में जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा , भाजपा मण्डल अध्यक्ष तेजपाल भाखर,जैकी टाटीवाल जिला परिषद सदस्य ,रमेश निठारवाल ,जय मां दुर्गा गौशाला समिति सदस्यों सहित हजारों की संख्या महिलाए व आम जन मौजूद रहे।

प्रतिभाओं को किया सम्मान

शाहपुरा । क्षेत्र के बाबाडी निवासी शांतनु गौतम के दसवीं बोर्ड में 95 फीसदी अंक आने पर लोगों ने माला पहनाकर व मिटाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रकाश चंद मीणा ने स्वागत करते हुए कहा कि डीपीसी में अध्यनरत छात्र शांतनु गौतम शुरू से ही मेघावी विद्यार्थी रहा है। शांतनु गौतम ने बताया कि उन्होंने यह सफलता नियमित 7 घंटे पढ़ाई कर अर्जित की है। गौतम डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजनों में पडाक प्रधानाचार्य प्रकाश चंद मीणा को दिया। शांतनु गौतम के पिता अवधेश कुमार पेशे से एडवोकेट हैं।



श्रेयस अय्यर आईपीएल 2025 के क्वालिफायर 1 में आरसीबी के खिलाफ पंजाब किंग्स की हार के दौरान कंडीशन को अच्छी तरह से समझने में सफल नहीं रहे। - टॉम मूडी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, श्रेयस अय्यर के बारे में बोलते हुए।

आज का खिलाड़ी

पूजा

दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट पूजा ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, 18 वर्षीय पूजा ने महिलाओं की हाई जम्प में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। पूजा ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 1.89 मीटर का प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन जीत दर्ज की। उनके इस प्रयास ने उनका खुद का अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बता दें कि, ये कारनामा करने वाली पूजा दूसरी भारतीय हैं। उनसे पहले बॉल एलॉयसियस एशियाई चैंपियनशिप में ऊंची कूद में मेडल जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं।

क्या आप जानते हैं ?... 2025 में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया।

// जिन संघों की मान्यता नहीं, वहां कॉल्विन के लिए बनेगी कमेटी //

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा को लोकपाल नियुक्त किया : बिहाणी

दीपक वर्मा

जयपुर, 30 मई। राजस्थान क्रिकेट एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा को लोकपाल नियुक्त किया है। राजस्थान क्रिकेट एडहॉक कन्वीनर जयदीप बिहाणी को तकरीबन डेढ़ दर्जन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिवो ने एटहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी को लोकपाल, चुनाव अधिकारी, एथेंस आफिस को नियुक्त करने तथा बीकानेर पाली क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार पत्र पर अपनी सहमति दी हैं। इसके बाद बीते दिन गुरुवार को एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ओर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बीच आदेशों के मद्देनजर होने वाले विवाद के निपटारे, फैसला करने का अधिकार रखने वाले लोकपाल पद पर लोढा कमेटी के निर्देश मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा की नियुक्ति किया हैं। राजस्थान क्रिकेट संघ में एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने धर्मवीर सिंह शेखावत के पाली जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर बीते दिन गुरुवार को एक ओर सदस्य रतन सिंह शेखावत की बीकानेर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की मान्यता को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की जगह नियुक्त हुए एडहॉक कमेटी में कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने कहा विवाद की जड़ ये दो सदस्यों धर्मवीर सिंह शेखावत,रतन सिंह है। आरसीए एडहॉक कमेटी में चल रहा विवाद आज एक नए मुकाम पर पहुंच गया। एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेस में धनंजय सिंह गुट पर पलटवार किया। कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने साफ किया कि जिन जिला संघों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उन पर कार्रवाई किसी सूरत में नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को टीए-डीए के बिलों से कमाई करनी होती है, वो ही जल्दी-जल्दी मीटिंग करने का दबाव बनाते हैं।

उन्होंने खुद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कहा कि पिछले एक साल के दौरान बीसीसीआई ने आरसीए को करीब साढ़े 57 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है। अगर काम नहीं करते तो क्या बीसीसीआई अनुदान देती? प्रदेश में दो जिला संघों बीकानेर और पाली की मान्यता समाप्त हो चुकी है। जबकि जोधपुर जिला संघ को मान्यता अभी तक मिली नहीं है। ऐसे में कॉल्विन शील्ड के लिए इन जिलों से टीम बनाने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी अपनी टीम भेजेगी। बिहाणी ने कहा कि जिला संघों के भ्रष्टाचार की गाज प्लेयर्स पर नहीं पड़ने दी जाएगी। 7 जून से कॉल्विन शील्ड शुरू होनी है। उससे पहले ही आरसीए की एक कमेटी गठित कर इन जिलों में भेजी जाएगी और वही कमेटी इन जिलों में टीम का चयन करेगी।

बिहाणी ने कहा कि धनंजय सिंह ने अपने साथियों के साथ गत 19 मई को मीटिंग करके एक प्रस्ताव पारित किया था कि आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा किए गए सभी पूर्व निर्णयों को रद्द किया जाता है। ऐसे में बीसीसीआई से अनुदान के रूप में प्राप्त करोड़ों की राशि की भी वापस वसूल करनी होगी। क्योंकि इस राशि का भुगतान, क्रिकेटर्स, अंपायर्स, पेंशन आदि विभिन्न मदों में किया जा चुका है। अब धनंजय सिंह इस पूरी राशि की वसूली कर लें और वापस बीसीसीआई को चुका दें। धनंजय सिंह गुट के उन आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि एडहॉक कमेटी को सिर्फ चुनाव करवाने के लिए बनाया गया था। बाकी कोई अधिकार कमेटी को नहीं हैं। इस पर बिहाणी ने कहा कि आरसीए एक्ट, स्पोर्ट्स एक्ट और वकील की राय बताती है कि एडहॉक कमेटी एक निर्वाचित कमेटी की तरह ही काम कर सकती है। अगर धनंजय सिंह गुट को आपत्ति थी तो फिर ये सिर्फ पिछले 3 महीने से ही क्यों दिख रही है ? उससे पहले जब कमेटी राजस्थान स्तर पर काम कर रही थी, क्रिकेट के आयोजन कर रही थी, तब ये बात क्यों नहीं उठी कि कमेटी को इस काम का अधिकार ही नहीं है। बिहाणी ने आरसीए में अपनी ताकत दिखाने का भी प्रयास किया। पिछले कुछ दिनों से धनंजय सिंह गुट उन पर इस आधार पर हमलावर होने की कोशिश कर रहा था कि 6 सदस्यीय कमेटी में 4 सदस्य बिहाणी के खिलाफ हैं।

उन्होंने दावा किया कि आरसीए की 35 सदस्यीय एजीएम में इस समय 32 सदस्य हैं और उनमें से 18 का उन्हें समर्थन प्राप्त है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी ने फिर दोहराया कि बीकानेर और पाली जिला क्रिकेट संघ की मान्यता समाप्त की जा चुकी है और इस निर्णय पर अब आरसीए के 18 सदस्यों ने बहुमत से मुहर भी लगा दी है। जब एडहॉक कमेटी को चुनाव होने पर जिला संघ को मान्यता देने का अधिकार है, तो अनियमितता की स्थिति में मान्यता समाप्त करने का अधिकार भी है।

बिहाणी ने कहा कि धनंजय सिंह गुट उन पर आरोप लगा रहा है कि आरसीए एडहॉक कमेटी क्रिकेट पर ध्यान नहीं दे रही है। जबकि पिछले एक साल में हर टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अंडर-19 स्टेट चैंपियनशिप, अंडर-16, अंडर-23 स्टेट चैंपियनशिप, अंडर-14, स्टेट वीमेन, कूच बिहार, रणजी ट्रॉफी जैसे तमाम आयोजन उसी स्तर पर करवाए गए, जैसे दूसरे राज्यों में होते हैं। यही कारण है कि बीसीसीआई ने बतौर अनुदान आरसीए को साढ़े 57 करोड़ रूपए का अनुदान जारी किया।

बीसीसीआई से अनुदान के रूप में प्राप्त करोड़ों की राशि में से किया गया भुगतान

जयदीप बिहाणी के अनुसार खिलाड़ी, अंपायर/स्कोरर और अन्य का टीए/डीए 27,41,072, पुराने खिलाड़ियों की पेंशन 2,20,000, जिला मासिक कोच भुगतान, 1,67,400, ग्राउंडमैन की रात्रि ड्यूटी का शुल्क, 51,900, एनसीए कैंप 54,31,934, घरेलू और राष्ट्रीय टूर्नामेंट के संबंध में भुगतान 58,86,376। कुल मिलाकर 1,44,98,682 रूपये सबके खातों में सीधे तौर पर दिए गए। इसके अलावा खिलाड़ी, अंपायर/स्कोरर और अन्य का टीए/डीए, 92,980, पुराने खिलाड़ियों की पेंशन 22,500, एनसीए कैंप 7,33,900, घरेलू और राष्ट्रीय टूर्नामेंट के संबंध में भुगतान 2,61,276। कुल 11,10,656 रूपये सबके खातों में सीधे तौर पर दिए गए। व्यावसायिक सेवाओं पर टीडीएस 51,33,263, किराए पर टीडीएस, 7,66,665, ठेकेदार पर टीडीएस 1,57,110, वेतन पर टीडीएस, 30,597, ठेकेदार पर टीडीएस 2,999, जीएसटी जमा करें 1,02,64,596, सभी तरह के पेमेंट पर 1,63,55,230 रुपए दिए गए। इनके साथ ही जेवीवीएनएल - मानसरोवर - बिजली राशि 92,836 के जमा हुए।

तदर्थ कार्यकारी समिति की कुल 16 बैठकें आयोजित हुई

01.04.2024, 05.04.2024, 21.04.2024, 02.05.2024, 10.05.2024, 07.06.2024, 06.07.2024, 17.07.2024, 03.08.2024, 27.08.2024, 16.09.2024, 07.10.2024, 23.10.2024, 30.01.2025, 23.02.2025 और 18.03.2025 को।

साधारण सभा की बैठक बीस जून को पुष्कर, अजमेर में आयोजित की जाएगी जिसकी सूचना आज राजस्थान क्रिकेट संघ से एफिलेटेड सभी सदस्यों, जिला क्रिकेट संघो को जारी कर दी गयी है। जयदीप बिहाणी ने आज भ्रष्टाचार पर बेबाक़ी से जबाब दिया और खिलाड़ियों को दिये गये पैसे वो भी खातों में उसको रोकने चारो सदस्यों के हस्ताक्षर करवाकर धर्मवीर द्वारा प्रयास किया गया सारे विवाद की मूल जड़ धर्मवीर सिंह और रतन सिंह ही है जो ये संघ में क़ब्ज़ा करने के लिये सभी को आपस में विवाद करवाते रहे है।

बिहाणी ने पाली जिला क्रिकेट संघ की जांच पर रोक लगाने के आदेशों पर कहा कि जांच कराने के आदेश तो देते सुना है लेकिन जांच रोकने के आदेश पहली बार देखे हैं। बिहाणी ने कहा कि कमेटी के एक साल के कार्यकाल में लगभग एक दर्जन मीटिंग हो चुकी हैं और कितनी करवानी हैं। इसके अलावा पिछले दिनों जो मीटिंग नहीं हो पाईं, वो युद्ध की स्थिति के कारण। उन्होंने धनंजय सिंह गुट पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ टीए-डीए के चक्कर में मीटिंग-मीटिंग खेलने चाहते हैं। मैने तो आज तक आरसीए से कोई भत्ता उठाया नहीं।

गुजरात टाइटंस को 20 रन से हराकर मुंबई इंडियंस दूसरे क्वालीफायर में पहुंची

मुल्लांपुर, 30 मई। रोहित शर्मा (81), जॉनी बेयरस्टो (47) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में गुजराज टाइटंस को 20 रनों से हराकर दूसरे क्वालिफायर में प्रवेश कर लिया है।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने कप्तान शुभमन गिल (एक) का विकेट गवां दिया। शुभमन को बोल्ट ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुसल मेंडिस ने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट लिये 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस 10 गेंदों में (20) रन का शिकार किया। इसके बाद 14वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने वॉशिंगटन सुंदर 24 गेंदों में (48) रन को बोल्ड कर मुम्बई को तीसरी सफलता दिलाई। 16वें ओवर में रिचर्ड ग्लीसन ने साई सुदर्शन को बोल्ड कर मैच पर मुम्बई का दबदबा कामय कर दिया।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (80) रनों की पारी खेली। 19वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ट ने शरफेन रदरफोर्ड 15 गेंदों में (24) रन का शिकार किया। शाहरुख खान (13) छठे विकेट के रूप में आउट हुए। गुजरात टाइटंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 208 रन बना सकी और मुकाबला 20 रनों से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं इस जीत के साथ मुम्बई ने दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश कर लिया है।

मुम्बई इंडियंस की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीस और अश्विनी कुमार और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े।

